**एक नजर में**

### मौसम साफ होते ही गर्मी का प्रकोप

**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** पिछले कुछ दिनों से नगर सहित जिले में बारिश का सिलसिला थमा हुआ है, मौसम साफ होते ही गर्मी का प्रकोप भी बढ़ गया है . उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है . विदित है कि पिछले कुछ दिनों से बारिश का क्रम रुका हुआ है . कभी कभार मामूली बारिश हो रही है, तेज बारिश का सिलसिला फिलहाल थमा है . जैसे ही बारिश का क्रम थमा तो तेज गर्मी शुरु हो गई . गुरुवार को भी दिन भर गर्मी का प्रकोप बना रहा . हालांकि निरंतर हो रही बारिश के बाद मौसम खुलने से राहत भी पहुंची है . फसलों के लिए भी मौसम खुलना फायदेमंद देखा जा रहा है . हालांकि तेज गर्मी से इल्ली का प्रकोप होना शुरु हो गया है .

### कामाख्या दर्शन हेतु आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 09 अगस्त , का.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत धार्मिक स्थल कामाख्या के दर्शन हेतु यात्रा संबंधी आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए है . यात्रियों के लिए यात्रा की तिथि 15 सितम्बर से 20 सितम्बंर, 2025 नियत की गई है . मध्यप्रदेश के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों (जो आयकर दाता नहीं है) (महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छुट) के लिए है . तीर्थ यात्रा हेतु जिले के पात्र हितग्राहियों नियत तिथि तक माँ कामाख्या यात्रा पर ब्यावरा रेल्वे स्टेशन से रवाना किया जाएगा . उक्त तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में संबंधित तहसील कार्यालय में कार्यालयीन दिवसों में 03 सितम्बर तक जमा कर सकते है . इसके उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र विचार नहीं किया जाएगा . आवेदन पत्र के साथ आयु के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड (अनिवार्य) तथा आधार कार्ड के अतिरिक्त वोटर कार्ड, पेन कार्ड, मार्कशीट, ड्राईविंग लायसेंस में से किसी एक की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के 03 रंगीन फोटो भी संलग्नी करना आवश्यईक है .

### पोर्टल से ऑनलाइन बिजली कनेक्शन

**राजगढ़ 09 अगस्त, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं . उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं . गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल योजना . मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने बताया है कि कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है . नये कनेक्शन लेने के लिये उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी के पोर्टल अथवा एप पर जाकर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना हो . आवेदक द्वारा विधिवत ऑनलाइन आवेदन और भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत बिजली कंपनी द्वारा सर्वे एवं अन्य औपचारिकताएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर उपभोक्ता के परिसर में नया कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा .

# गैस सिलेण्डर के सुविधा केन्द्र में ब्लास्ट

## ग्राम गागोरनी में रक्षाबंधन के दिन हुई घटना से अफरा-तफरी



### 3 बकरी की मौत, दहशत में आये लोग

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 09 अगस्त, सं. जीरापुर के समीप ग्राम गागोरनी में रक्षाबंधन की शाम को गैस सिलेण्डर के सुविधा केंद्र में गैस सिलेंडर में एकाएक ब्लास्ट से दहशत का वातावरण निर्मित हो गया. ब्लॉस्ट के साथ आगजनी की भयावह घटना हुई जिसमें तीन बकरी की झुलस जाने से मौत हो गई. सौभाग्यवश कोई बड़ी अनहोनी होने से बच गई.**

जानकारी के अनुसार जीरापुर से करीब 10 किमी दूर ग्राम गागोरनी में शनिवार की देर शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के बीच बस स्टेण्ड के यहां मौजूद गैस सिलेण्डर के सुविधा केन्द्र में धमाके के साथ ब्लॉस्ट होकर आग की लपटे उठने लगी. यह नजारा देख लोग कांप उठे. आगजनी में समीप मौजूद तीन बकरी की आग में झुलस जाने से मौत हो गई.

**जोर के धमाके से दहला गांव** गैस गोदाम से आग सुलगते ही लोग दहशत में आ गये. इसी बीच जोर का धमाका हुआ. यह देख लोग सुरक्षित स्थान की ओर दौड़ पड़े. चहुंऔर अफरा-तफरी का वातावरण निर्मित हो गया.

**विधायक पहुंचे मौके पर** जैसे ही घटना की जानकारी लगी क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी एवं थाना प्रभारी रवि ठाकुर तुरंत मौके पर पहुंचे. जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली. फिलहाल आग लगने की घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है.



### बाजार में थी भीड़भाड़

रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर बाजार में तथा घटनास्थल के आसपास खासी भीड़भाड़ रही . ब्लॉस्ट के साथ आगजनी से अफरा-तफरी मच गई . आसपास दुकानों से सामान की खरीददारी कर रहे लोग दहशत में आ गये . आसपास मौजूद घरों से लोग दौड़ पड़े . आसपास के नगरीय निकायों से फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने में जुट गये . जीरापुर एवं अन्य नगर से फायर ब्रिगेड पहुंची . हालांकि घटना में कोई जनहानि की जानकारी नहीं है .

### बस स्टैण्ड के समीप सुविधा केन्द्र

ग्राम गागोरनी के बस स्टैंड पर कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु सुविधा केंद्र बनाया गया है . यहां रखे एलपीजी गैस के 6 सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया . प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गागोरनी निवासी प्रेम सिंह पिता बालचंद लववंशी के द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बनाए गए केंद्र पर देखते ही देखते शाम 4 बजे के आसपास आग सुलग उठी और यहां रखे 6 सिलेंडर में ब्लास्ट हो गए . क्षेत्र में होने से अफरा-तफरी मच गई .



# पीड़िताओं के बीच पहुंचे कलेक्टर, बंधवाई राखी

## जिला कलेक्टर ने रक्षाबंधन पर विभिन्न हिंसा से पीड़ित आश्रयरत बहनों को उपहार दिए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 09 अगस्त, का. रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गोपाल महिला मंडल, राजगढ़ में आश्रयरत विभिन्न प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं से राखी बंधवाई और उन्हें स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किए.**

इस भावनात्मक पल में भाई-बहन के रिश्ते का अनूठा स्वरूप देखने को मिला. इसी क्रम में शहर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा विभिन्न अशासकीय संस्थाओं की महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुँचीं और कलेक्टर को राखी बांधी. कलेक्टर ने भी सभी को उपहार देकर इस त्यौहार की खुशियों को और विशेष बना दिया. रक्षाबंधन का यह कार्यक्रम न केवल पारंपरिक उत्सव का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और आपसी स्नेह के महत्व को भी रेखांकित करता है.

### धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

**कुरावर 09 अगस्त, सं.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाकर मंगल आरती उतारकर मांगी अपनी रक्षा की जिम्मेदारी. वहीं भाई ने भी लिया बहन को आजीवन रक्षा करने का संकल्प इस तरह से हिंदू धर्म का यह त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है.

# रियासतकालीन गेढ़ी खेल आज भी जीवंत

### भुजरिया पर आज होगी पारंपरिक गेढ़ी लड़ाई

### मऊ और हांसरौद में रियासकालीन परंपरा का निर्वहन

नवभारत न्यूज

**सुठालिया/ब्यावरा 09 अगस्त, सं. रक्षाबंधन के दूसरे दिन आज नगर सहित जिले भर में पारंपरिक भुजरिया पर्व मनाया जाएगा. सुठालिया के समीप ग्राम मऊ एवं हांसरौद में आज भी रिसायतकालीन परंपरा का निर्वहन करते हुए भुजरिया पर गेढ़ी खेल का आयोजन होता है. आज भी इस परंपरा का निर्वहन करते हुए गेढ़ी खेल का आयोजन होगा.**

सुठालिया से करीब 4 किमी दूर ग्राम मऊ में रियासतकालीन समय से भुजरिया पर्व पर भुजरिया का विशाल जुलूस निकालने के साथ ही गेढ़ी लड़ाई आयोजित की जाती है जिसमें युवाओं के साथ ही बुजुर्ग लोग भी बड़े ही उत्साह के साथ भाग लेते है. जानकारी के अनुसार भुजरिया पर मऊ स्थित बाजार में चौकी से भुजरिया का जुलूस प्रारंभ होता है जो कुशवाह समाज मंदिर के यहां चौराहा पर पहुंचता है जहां पर गेढ़ी लड़ाई का प्रदर्शन होता है. यह आयोजन शाम करीब 4 बजे होता है.

### संतुलन बनाकर चलते गेढ़ी से

प्राय: लकड़ी के द्वारा गेढ़ी को तैयार किया जाता है, जिस पर चढ़कर संतुलन बनाते हुए चला जाता है . गेढ़ी के द्वारा चलने में पारंगत और अनुभवी लोग बेहतर संतुलन के साथ गेढ़ी से काफी तेज-तेज चलते है . गांव के वरिष्ठ घीसालाल व्यास के अनुसार मऊ में होने वाली गेढ़ी लड़ाई में युवाओं के साथ ही बुजुर्ग लोग भी इसमें भाग लेते है . गेढ़ी लड़ाई में विभिन्न टीमे शामिल होती है, इसमें एक-दूसरे भिड़ते है जो संतुलन बिगड़ने से गिर जाता है वह प्रतियोगिता से बाहर हो जाता है, एक प्रतियोगी के बाहर होने पर दूसरा प्रतियोगी विजेता से मुकाबला करने आता है ऐसे में आखरी समय तक जो प्रतियोगी संतुलन बनाते हुए गेढ़ी पर टिका रहता है वह विजेता होता है . विजेता को बकायदा आयोजक गेढ़ी समिति के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है . गेढ़ी लड़ाई के समापन बाद यहां से जुलूस वीराजी महाराज के देवस्थान पर पहुंचता है जहां बंदा नाले पर भुजरिया पखारकर लोग गांव के मंदिरों में पहुंचकर भुजरिया चढ़ाते है . तत्पश्चात एक-दूसरे को भुजरिया देकर पर्व की बधाई दी जाती है .

### स्नातक कक्षाओं में प्रवेश 14 अगस्त तक

**राजगढ़ 09 अगस्त, का.** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिये अतिरिक्त सी.एल.सी चरण की तिथि में वृद्धि की है. अब 14 अगस्त तक अतिरिक्त सीएलसी चरण जारी रहेगा, पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी.

# एक पखवाड़े से खतरा बना सड़क किनारे गिरा पेड़

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** किसी भी अव्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों द्वारा बरती जाने वाली अनदेखी से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कुछ ऐसा ही मामला शहीद कॉलोनी क्लब ग्राउण्ड के समीप देखा जा सकता है यहां एक पखवाड़े पूर्व तेज बारिश में एक भारी पेड़ धराशायी होकर सड़क पर आ गया था जिसकी डालियां छटवाकर इतिश्री कर ली गई, पेड़ का काफी हिस्सा सड़क पर ही मौजूद होने से राहगीरों को परेशानी होने के साथ ही जोखिम बना हुआ है. विदित है कि गत 26 जुलाई की रात्रि को अत्यधिक बारिश के चलते शहीद कॉलोनी में क्लब ग्राउण्ड के समीप कृषि मंडी के रास्ते पर जनपद सीईओ के क्वाटर के यहां मौजूद भारी भरकम पेड़ दीवार की बाउण्ड्रीवॉल तोड़कर सड़क पर आ गिरा था सौभाग्य से रात्रि के समय पेड़ गिरने से किसी प्रकार की कोई अनहोनी होने से बच गई. हांलाकि पेड़ की चपेट में आने से एक दुकान को नुकसान पहुंचा.



### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पंजीयन 13 तक

**राजगढ़ 09 अगस्त, का.** पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुछ शेष बची सीटों में अहरकारी परीक्षा 10 वीं के आधार पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु 13 अगस्त, 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं. प्रवेश उपरांत छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे. दिव्यांग छात्र छात्राओं को सक्षम स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी. छात्राओं को प्रगति स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी.

# पौधारोपण के साथ रक्षाबंधन व विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**नरसिंहगढ़ 09 अगस्त, सं.** विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व पर पूर्व वर्षों की तरह प्रकृति संरक्षण परिवार,आकाश एवं जय ओमकार भिलाला समाज संगठन द्वारा रेस्ट हाउस भैसाटोल पहाड़ी पर पलाश (खांखरा) के लगभग 265 पौधों का पौधारोपण सीहोर से पधारे बलराम भिलाला पुलिस विभाग के मुख्य आतिथ्यमें किया गया. रेस्ट हाउस पहाड़ी पर वर्ष 2019 से तत्कालीन नरसिहगढ एसडीएम सिद्धार्थ जैन की मंशा अनुसार पहाड़ी को रंगीन करने की दृष्टि से पलाश (खांखरा) के बीजारोपण का अभियान प्रकृति संरक्षण परिवार के संस्थापक राधेश्याम भिलाला आकाश प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा छात्राओं व समाजजन के साथ 9 अगस्त को चलाया गया था जो कि आज लगातार 7 वर्ष हो गए हैं इस अभियान से पलाश खांखरा के भैसाटोल पहाड़ी पर अत्यधिक मात्रा में लगभग 7 से 8 फीट के पौधे हो रहे हैं. यह पलास अभियान हर वर्ष 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर 2029 तक चलेगा. निश्चित रूप से भैसाटोल पहाड़ी वर्ष 2029 तक मार्च माह में केसरिया फूलों से लद जाने के साथ-साथ केसरिया पहाड़ी के रूप में जानी जाने लगेगी. पूर्व वर्ष लगभग 2004 में तत्कालीन नरसिहगढ़ संजय गोयल वर्तमान स्कूल शिक्षा सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ नीम की निंबोली बीजारोपण का अभियान भिलाला द्वारा चलाया था. जो कि आज पूरी पहाड़ी पर नीम के बड़े-बड़े वृक्ष दिखाई दे रहे हैं.

### 11वीं में आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**राजगढ़ 09 अगस्त, का .** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया में कक्षा 11वीं वर्तमान सत्र 2025-26 में (आर्टस) में 12 रिक्त स्थान पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 है . उक्त रिक्त स्थानों लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं राजगढ़ जिले के किसी शासकीय या मान्यता प्राप्त विद्यालय से 60 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की हो .

# भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधा रक्षा का कवच



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** भाई-बहन के अटूट रिश्तों का पर्व रक्षाबंधन नगर सहित जिले भर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया. बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षा कवच के रुप में राखी बांधी. वही भाईयों ने बहनों को सुरक्षा का वचन दिया.

सुबह से ही शुभ मुहूर्त में राखी बांधने का क्रम शुरु हो गया था. विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया. बहनों ने भाईयों के घर पहुंचकर राखी बांधते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया. भाईयों ने बहनों को रक्षा का वचन देते हुए विभिन्न आकर्षक उपहार भेंट किए. रक्षाबंधन को लेकर बाजार में भी काफी चहल-पहल रही. हालांकि एक दिन पूर्व बाजार में कहीं अधिक भीड़भाड़ देखी गई. राखी, मिठाई, कपड़े आदि की दुकानों पर काफी भीड़ रही.

**धर्म-कर्म** श्रावणी पर दशविधि स्नान किया, संकल्प के साथ प्रायश्चित पर्व मनाया गया

# पूर्णिमा के अवसर पर यज्ञोपवीत और अनुष्ठान हुए

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 09 अगस्त, सं. नगर के सुरम्य अति प्राचीन धार्मिक सिद्ध स्थल श्यामखो महादेव धाम पर श्रावणी पूर्णिमा पर शनिवार को श्रावणी पर्व मनाया गया जिसमें श्रावण माह में जाने-अनजाने में होने वाली किसी भी गलती, भूल पर प्राश्चित करते हुए धार्मिक अनुष्ठान किए.**

श्रावणी कर्म प्राश्चित संकल्प हिमाद्रि स्नान देव ऋषि तर्पण आदि कर्म किए गये. तत्पश्चात भोलेनाथ का अभिषेक, महाआरती की गई. पंडित गिरजाशंकर भार्गव के सानिध्य में यह आयोजन हुआ.





### तर्पण और गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** रक्षाबंधन के दिन श्रावणी पर्व पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर दशविधि स्नान, हेमाद्रि संकल्प, तर्पण और गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया. दस पवित्र वस्तुओं गौ दुग्ध, गौमूत्र, गोबर, मिट्टी, भस्म, हल्दी, शहद आदि से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्नान करने के पश्चात यज्ञोपवित परिर्वतन किया. इस स्नान से शरीर और मन का शोधन होने के साथ आध्यात्मिक शक्ति का भी संचय होता है. आयोजन में गायत्री परिवार के हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, महेशचन्द्र जयपुरिया, प्रवीण नामदेव, प्रिंस आर्य, संतोष शाक्य, राजेन्द्र सोनी, सत्यनारायण भट्ट, संदीप मेवाड़े, कुलदीप पंवार, किशन मेवाड़े, प्रमोद साहू सहित श्रद्धालुजन शामिल हुए.

# सारंगपुर उप जेल में बांधी राखी



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 09 अगस्त, सं.** नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा राखी का त्यौहार स्थानीय उप जेल में स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी, म.प्र. शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा, जेलर विकास जैन,ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, ब्रह्माकुमार नीरज भाई समेत कई गणमान्यों ने दीप प्रज्वलन व परमात्म स्मृति के साथ किया. रक्षा बंधन पर्व उपजेल में व्यसन मुक्ति की थीम पर सभी बंदियों और स्टॉफ के साथ मनाया गया. दीदी ने कहा कि बंधन में बंधना किसी को अच्छा नहीं लगता लेकिन इस राखी के स्नेह की डोर में सभी बंधना चाहते हैं. किसी भी गुनाह का मूल काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार ही है. अगर हम जीवन में राजयोग अपनाएं तो मन को सुमन बनाया जा सकता है. राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि ध्यान मन को श्रेष्ठ संकल्पों से भरकर अच्छे मार्ग की ओर अग्रसर करने के लिए सबसे अच्छा माध्यम है.